Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to give relaxation in age in army recruitment taking in consideration the corona period.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : सभापति महोदय, राजस्थान सहित पूरे देश में कोरोना के नाम पर सेना भर्ती रैली व एग्जाम पर सरकार ने रोक लगा रखी है । उसमें प्रदेश के जोधपुर एआरओ, कोटा एआरओ और जयपुर जेडआरओ की सेना भर्ती भी समय पर नहीं हुई है । जबकि अलवर और झुंझुनू सेना भर्ती कार्यालय की भर्ती तो पिछले दो साल से अधिक समय से भी नहीं हो पाई है । ऐसे में युवा ओवर एज हो रहे हैं, इसलिए युवाओं को उम्र में छूट देते हुए जल्द से जल्द सेना भर्ती रैली व एग्जाम कराया जाए ।

सभापति महोदय, पिछले दो सालों से सेना भर्तियों पर रोक लगी हुई है, इसलिए युवाओं की मांग है कि इस बार की सेना भर्ती में वैकेंसीज़ बढ़ाई जाएं । राजस्थान में कई दूसरे राज्यों के मुकाबले कम वैकेंसीज़ पर भर्ती की जाती है । जबकि इतिहास में कोई भी युद्ध उठाकर देखें, तो शहीदों की सूची में राजस्थान के वीरों का नाम ऊपर ही मिलेगा । इसलिए युवाओं के हितों को देखते हुए इस बार की सेना भर्ती में वैकेंसीज़ बढ़ाई जाएं, ताकि युवाओं का सेना में जाने का सपना पूरा हो सके ।

सभापति महोदय, राजस्थान सहित देश भर में युवा आज सेना भर्ती की मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलित हैं । प्रदेश में जगह-जगह पर धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं और आक्रोश रैलियां निकाली जा रही हैं । फिर भी युवाओं की सेना भर्ती की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । नागौर संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान और देश भर में इससे पहले देश का युवा किसान आंदोलन की तर्ज पर बड़े आंदोलन के लिए मजबूर हों, युवाओं की मांगों पर ध्यान देते हुए सेना भर्ती और एग्जाम जल्द से जल्द कराया जाए । आप निर्देशित करें, नौजवानों की इस मांग पर ध्यान दें और उनको उम्र में छूट दिलाई जाए ।